भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2272

जिसका उत्तर 12.02.2026 को दिया जाना है

मुंबई-केंद्रित परियोजनाएं

2272. प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस, मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग और मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग सहित मुंबई को दिल्ली, नागपुर, पुणे और गोवा जैसे प्रमुख शहरों से जोड़ने वाली भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की कई परियोजनाओं में बार-बार विलंब हुआ है और लागत में वृद्धि हुई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भूमि अधिग्रहण में बाधाओं, ठेकेदारों के निष्पादन में कमी और बार-बार पुन: निविदा जारी करने से इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने मुंबई-केन्द्रित इन परियोजनाओं के लिए गलियारा-वार कोई समीक्षा की है अथवा उन्हें पूरा करने की संशोधित समय-सीमा निर्धारित की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या विलंब के कारण मुंबई महानगर क्षेत्र में माल ढुलाई, पत्तन संपर्क और दैनिक यात्रियों पर प्रभाव पड़ा है; और

(ङ) मुंबई को अन्य प्रमुख शहरों से जोड़ने वाली भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की सभी परियोजनाओं को जवाबदेही लागू करने, गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने और उन्हें शीघ्र पूरा करने के लिए क्या सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे:- दिल्ली मुंबई की परियोजना को लगभग 1350 किमी की लंबाई वाले 48 पैकेजों में विभाजित किया गया है और भूमि अधिग्रहण, पेड़ काटने की अनुमति में देरी, जनोपयोगी सुविधाओं के स्थानांतरण में देरी और रियायतकर्ता चूक से संबंधित मुद्दों के कारण कुछ पैकेज में देरी हुई है। अब तक, कार्यान्वयन की लागत समग्र कॉरिडोर की स्वीकृत लागत के भीतर है। लगभग 875 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे यातायात के लिए खोल दिया गया है। इसके अतिरिक्त, गुजरात में 3 पैकेजों में कार्यों को छोड़कर, जो वित्तीय वर्ष 2027-28 में पूरा होने का लक्ष्य है, दिल्ली से वडोदरा

तक के खंड के लिए पूर्ण होने की संशोधित निर्धारित तिथि मई, 2026 और वडोदरा से मुंबई तक के खंड के लिए पूर्ण होने की संशोधित निर्धारित तिथि जून, 2026 है।

मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग:- मुंबई (पनवेल) से गोवा / महाराष्ट्र सीमा तक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) संख्या 66 की कुल लंबाई लगभग 485 किमी है। इस एनएच को चार लेन में विकसित करने के लिए सिविल निर्माण कार्य 12 परियोजना पैकेजों में चरणबद्ध तरीके से शुरू किया गया था, जिसकी शुरुआत दिसंबर, 2011 में हुई थी। आज की तिथि में, 465 किमी लंबाई में चार लेन का कार्य पूरा हो चुका है और शेष 20 किमी लंबाई में कार्य जून, 2026 में चरणबद्ध तरीके से पूरा करने के लक्ष्य के साथ कार्यान्वित किया जा रहा है। भूमि बाधाओं, मंजूरी में देरी और कुछ ठेकेदारों की धीमी प्रगति के कारण परियोजना में देरी हुई।

महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा समृद्धि महामार्ग विकसित किया गया है। एक्सप्रेसवे को यातायात के लिए खोल दिया गया है।

(घ) और (ङ) मुंबई को जोड़ने वाली सभी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए सभी हितधारकों सहित राज्य सरकारों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाती हैं ताकि प्रगति में तेजी लाई जा सके और सभी परियोजनाओं को जल्द पूरा किया जा सके।

*****